मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 25/03/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 148/2026
25 मार्च 2026
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में **"रामनवमी महोत्सव"** के मद्देनज़र विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को आगामी 27 मार्च 2026 को रामनवमी महोत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाली भव्य

शोभायात्रा में सपरिवार सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने सभी आमंत्रणों को हर्षपूर्वक स्वीकार किया और प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि रामनवमी का त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के वातावरण में मनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों व प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से आग्रह किया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो और पूरा पर्व शांति व सद्भाव के वातावरण में संपन्न हो।

इस अवसर पर विभिन्न समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें श्री महावीर मंडल महानगर समिति के अध्यक्ष श्री कुणाल अजमानी, संरक्षक श्री पवन बजाज, प्रवक्ता श्री बादल सिंह, श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के अध्यक्ष श्री सागर वर्मा, मंत्री श्री नितेश यादव, पूर्व अध्यक्ष श्री जयसिंह यादव, पूर्व मंत्री श्री सतीश यादव, श्री रामनवमी श्रृंगार समिति, महावीर चौक के अध्यक्ष श्री बबलू यादव, मंत्री श्री अजय वर्मा, मुख्य संयोजक श्री शंकर सिंह, मुख्य संरक्षक श्री रिंकू वर्मा, श्री श्री महावीर मंडल तपोवन मंदिर निवारणपुर के अध्यक्ष श्री सुशील दुबे, सचिव श्री राजीव रंजन, सह सचिव श्री अभिषेक सिंह, डोरंडा महावीर मंडल समिति के अध्यक्ष श्री आलोक दुबे, संरक्षक श्री संजीत यादव तथा केंद्रीय शांति समिति के सदस्य श्री सागर कुमार शामिल थे। मौके पर रांची के उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन भी उपस्थित रहे।

========================

#Team PRD(CMO)